तापमान

अधिकतम 39.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



12 राज्य व्यापी घोटाले की परतें खुलीं





12 जनसरोकार की समस्याओं का त्वरित समाधान




## खबर संक्षेप

### माउंटेन व्हीकल डीजे जब्त

**महासमुंद।** शहर के अयोध्या नगर में गुरुवार को एक डीजे जब्त किया गया है। जांच के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएल 2244 मॉडल डीई, योद्धा व्हीकल माउंटेड डीजे द्वारा समय 9 बजे रात्रि में सड़क मार्ग में डीजे बजाया जाना मौके पर पाया गया। उच्च आवृत्ति में डीजे बजाकर हाई कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन करते पाए जाने पर तथा हुई वीडियोग्राफी के आधार पर उक्त वाहन को डीजे सहित जब्त किया गया। वाहन चालक के रूप में बलदाऊ साहू उपस्थित रहा। उक्त पंचनामा तैयार कर थाना के सुपुर्द किया गया। यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा के निर्देश पर तहसीलदार द्वारा की गई।

### नींव खोदने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सालडबरी में नींव खोदने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना होने का मामला सामने आया है। बागबाहरा थाने में दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।



पुलिस को जगदीश साहू निवासी सालडबरी ने बताया कि 18 अप्रैल को सुबह बाड़ी में रखे पैरा को लेने गया था, तभी रमेश साहू अपनी बाड़ी की ओर से उसे देखकर कहने लगा कि हमारे जमीन में जबरदस्ती नींव खोद दिये हो। यह कहकर वह गाली गलौज करने लगा तथा मना करने पर आरोपी रमेश साहू, महेश साहू और राहुल साहू तीनों हमारे जमीन में घर बना रहे हो कहकर डंडे से मारपीट करने लगे। इस दौरान बीच-बचाव करने आए देवशरण साहू और देवलाल साहू के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। घटना की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस विवेचना में जुटी है। वहीं रमेश साहू निवासी ग्राम सालडबरी ने पुलिस को बताया कि 18 अप्रैल की सुबह 7.30 बजे खेत से वापस घर आया तो देखा कि जगदीश साहू अपनी बाड़ी में देवलाल के साथ खड़ा था, जिसे देख उसने पूछा कि हमारी जमीन में नींव क्यो खुदवा रहे हो। लेकिन देवलाल साहू ने कहा कि तुम्हारी जमीन में मकान नहीं बनवा रहे हैं कहते हुए गाली गलौज और मारपीट करने लगा, उसी समय देवशरण साहू डंडा लेकर आया और मारने लगा जिसे देख प्रार्थी का भाई महेश साहू और लड़का राहुल साहू बीच बचाव करने आये तो उनके साथ भी मारपीट की गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# महानदी से रेत लेकर आरंग की ओर से ट्रकों को निकाल रहे माफिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अवैध रेत खदानों से रेत चोरी कर रेत माफिया आरंग क्षेत्र की ओर से रेत निकासी कर रहे हैं। महासमुंद क्षेत्र की खदानों से हो रही रेत चोरी के के साथ इन घाटों से राजस्व की चोरी हो रही है। 10, 12 और 16 चक्का की हाईवा वाहनें महासमुंद से इन घाटों में घुस रही है वहीं नदी के बीच महासमुंद क्षेत्र से उत्खनन कर आरंग के तटीय घाटों की ओर से निकाली जा रही है।

उल्लेखनीय है कि दें कि मोहकम और गढ़सिवनी के आसपास महानदी की चौड़ाई कम है इसलिए, रेत माफिया इसका पूरा फायदा उठाते नजर आ रहे हैं। मोहकम में हो रही खोदाई के लिए कटबंदी तथा गढ़सिवनी क्षेत्र में रेत खुदाई कर आरंग के कागदेही के रास्ते चोरी की जा रही है। हाल ही में इस बात को लेकर गढ़सिवनी में ग्रामीण आपस में उलझ तक गए थे और रेत माफिया इन ग्रामीणों के बीच आपसी फूट का फायदा उठाकर बेखौफ उत्खनन में जुटा हुआ है। शासन-प्रशासन द्वारा रेत के अवैध उत्खनन को लेकर नियमित कार्रवाई के अभाव का भी उत्खननकर्ता फायदा उठा रहे हैं।

## अवैध खदानों में भारी वाहनों का प्रवेश और निकासी बंद करने की उठ रही मांग

### रायपुर क्षेत्र में मिली मशीन

हाल ही में सेनकपाट रेत घाट में खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई के दौरान यही बात सामने आई। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सेनकपाट रेत घाट में उतरी वाहन रायपुर क्षेत्र में मिली। उक्त चैन माउंटेन से पहले तो सेनकपाट के दोनों रैंप तोड़े गए वहीं शिफ्टर के माध्यम से विभाग द्वारा मशीन को तुमगांव थाना के सुपुर्द कर दिया गया है। यहां दो गुटों का विवाद भी सामने आ रहा है।



रास्तों पर लगाए जाएं बेरिकेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

▪ शासन-प्रशासन की छवि हो रही धूमिल, लगातार मिल रही शिकायतें

रैंप तोड़ने और बेरिकेड लगाए जाने की आवश्यकता

हाल ही में बम्हनी रेत घाट में मशीन द्वारा होता अवैध रेत उत्खनन।

### बंद हो अस्वीकृत खदान के रास्तों में भारी वाहनों का प्रवेश

खदानों में आवाजाही के रास्ते बंद किए जाने से ही इस समस्या का समाधान हो पाएगा। कुछ वर्षों पूर्व क्षेत्र के पूर्व विधायक द्वारा रेत खदानों में अवैध उत्खनन को बंद किए जाने के लिए खदान जाने के रास्तों में निर्धारित ऊंचाई में बेरिकेड लगाए जाने और सीसी टीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की गई थी। कुछ स्थानों में ऐसा किया जाने से फायदा भी हुआ लेकिन, समय के साथ बेरिकेडिंग ध्वस्त कर फिर स्थानीय और प्रशासनिक संरक्षण के चलते अवैध कारोबार फलने फूलने लगा।

## प्रदर्शन: भाजयुमो ने कहा: नेशनल हेराल्ड के भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देना बंद करे कांग्रेस

# भ्रष्टाचारियों को संरक्षण पर कांग्रेस भवन का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नेशनल हेराल्ड केस में हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार के आरोपी सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को संरक्षण देने के विरोध में भाजयुमों के बैनर तले भाजपा के पदाधिकारी- कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिला कांग्रेस भवन का घेराव करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष जसराज बाला चंद्राकर ने कांग्रेस के नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि देश की संपत्ति को अपने निजी हक में उपयोग कर नेशनल हेराल्ड अखबार की आड़ में हजारों करोड़ रुपये की अनैतिक कमाई सोनिया, राहुल गांधी परिवार के साथ कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं ने किया। जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कांग्रेसी नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि एक तो चोरी ऊपर से सीना जोरी वाली कहावत कांग्रेसी नेताओं पर सटीक बैठती है। एक अखबार की आड़ में कांग्रेसियों ने पूरे देश की संपति को लूटा और वही नेता आज अपनी बौखलाहट छुपाने अपने आप को बचाने देश की कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जसराज बाला चंद्राकर ने बताया की नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र जो स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ आवाज उठाने के लिए शुरू किया गया था, वो बाद में कांग्रेस पार्टी के लिए सिर्फ पैसा कमाने का साधन बन गया था।



घेराव के दौरान कांग्रेस कार्यालय की सुरक्षा में लगे पुलिस की घेराबंदी को तोड़ने और सुरक्षा व्यवस्था में लगे कर्मियों से झुमाझटकी भी कार्यकर्ताओ की हुई और भाजपा कार्यकर्ताओ ने वही सड़क पर बैठकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### इस अवसर पर यह रहे मौजूद

प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल पाली, मंडल महामंत्री एमआर विश्वनाथन, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मंडल उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, गोपाल वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, मनीष बंसल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष जसराज बाला चंद्राकर, भाजयुमो जिला महामंत्री द्वय ब्रह्मानंद पटेल अमन वर्मा भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आनंद साहू, भाजयुमो जिला मंत्री दुर्गा शंकर दुबे, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, हनिश बग्गा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, कौशल्या बंशल, पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर, सोनाधर सोनवानी, माखन पटेल, मीना वर्मा, लक्ष्मी साहू, चंद्रशेखर बेलदार, पूनम निषाद, अभिषेक पांडेय, शुभम बाग, नीलेश साहू, पलाश यादव, नईम, खान, राकेश सचदेव, अनुज शर्मा, शिव राठौर, कमलेश डड़सेना, सौरभ अग्रवाल, राजा अग्रवाल सहित भाजपा और मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गुलाबी गैंग की महिलाओं के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम पिपरौद में गुलाबी गैंग की महिलाओं के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। मामले में सांकरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थिया प्रेमशीला यादव ने बताया कि वह ग्राम पिपरौद के गुलाबी गैंग की सदस्य है। 16 अप्रैल की शाम 6 बजे जल समस्या को लेकर हमारे ग्रुप द्वारा ग्राम पिपरौद में शंकर मंदिर के पास मीटिंग रखी गई थी। मीटिंग में मनीष प्रधान द्वारा शासकीय बोर में मोटर पंप। लगाकर खेती कार्य किए जाने को लेकर बातचीत चल रही थी। इसी बीच दुर्योधन भोई आया और कहने लगा कि कि हम लोग बोर से पानी लेंगे, तुम लोग मना करने वाले कौन होते हो कहकर प्रार्थिया के साथ उन्नति यादव व फुलवंती पटेल को गालियां जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से मारपीट करने लगा। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# प्रवीण बने जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के निर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ चैंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज महासमुंद जिला से प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर एकता पैनल के प्रवीण अग्रवाल ने जीत दर्ज की है। उन्होनें अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जय व्यापार पैनल के संजय अग्रवाल को 15 मतों से पराजित किया है। बता दें कि बुधवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में हुए मतदान के दौरान 479 व्यापारियों में से 433 ने मतदान किया। जिसमें से 2 मत रिजेक्ट हुए। बता दें कि एकता पैनल के प्रवीण अग्रवाल को 223 तथा ज.य व्यापार पैनल के संजय अग्रवाल को 208 वोट मिले। परिणाम घोषित होने पश्चात प्रवीण अग्रवाल के प्रथम महासमुंद आगमन पर व्यापारियों ने स्थानीय नेहरू चौक में भव्य स्वागत किया। इस दौरान महासमुंद शहर के व्यापारीगण मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश मंत्री पद के लिए जय व्यापार पैनल के महासमुंद से जितेंद्र चंद्राकर एकल नामांकन होने के चलते निर्विरोध चुने गए। जिले के सरायपाली विख से 148, बसना विख से 35, पिथौरा से 7 बागबाहरा विख से 42 महासमुंद बिरकोनी से 247 सदस्यों के नाम मतदाता सूची में शामिल रहे।

# रिपोर्ट के 20 दिन बाद हुई गिरफ्तारी फिर, बीमार बताकर अस्पताल में रखने का प्रपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कुकराडीह के पूर्व सरपंच ने नवनिर्वाचित सरपंच के प्रतिनिधि के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पूर्व सरपंच की गिरफ्तारी तब हुई जब प्रार्थी ने 20 दिन बाद इस मामले को लेकर जनदर्शन में गुहार लगाई। पूर्व सरपंच को गिरफ्तार कर बीमार बताकर पुलिस ने जेल भेजने की बजाय अस्पताल दाखिल कर दिया। शुक्रवार को मामले ने तूल पकड़ा तो पुलिस ने अपना पल्ला झाड़ते हुए आरोपी को जेल दाखिल कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कुकराडीह के भारत कुमार जोगी पिता संतोष कुमार जोगी जो कि हाल ही में नवनिर्वाचित हुई सरपंच मिथलेश्वरी जोगी का प्रतिनिधि है। प्रार्थी के द्वारा 27 मार्च को थाना तुमगांव में दर्ज कराई गई शिकायत पर 20 दिन बाद भी कार्रवाई नही हुई तो प्रार्थी ने जनदर्शन में गुहार लगाई।

प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक 27 मार्च सुबह से पंचायत में बैठ कर वार्ड नंबर 11 के पंच दिनेश कुमार बारले एवं उपसरपंच चंद्रकुमार यादव व कमल डहरिया(पंच पति)के साथ पेयजल के संबंध में काम कर रहा था। प्रभार दिए जाने के दौरान पूर्व सरपंच जीवन लाल साहू पिता सोनू राम साहू कुकराडीह के द्वारा बताया गया की 10/15 गली लाइट उसके पास है उसे आप कभी भी ले जा कर लगा सकते हो। जानकारी मिली कि वर्तमान में हमारे पंचायत के बंजर में हाथी विचरण कर रहे है। तो जो बचत लाइट की जानकारी लेने प्रार्थी एवं उपसरपंच चंद्रकुमार यादव व कमल डहरिया जीवन लाल साहू के किराना दुकान में पहुंचे। बातचीत के दौरान जीवन लाल साहू पिता सोनू साहू ने बताया कि उसके पास वर्तमान में 6 गली लाइट ही है 4 मैं लगवाऊंगा 2 ले जाना हो तो ले जाओ। प्रार्थी द्वारा 2 लाईट ले जाने से इनकार करने और उसे भी लगवा लेने की बात कहने पर आरोपी जीवन लाल साहू द्वारा प्रार्थी को गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर जान से मारने की कोशिश की गई। जिससे प्रार्थी चोटिल हो गया। घटना की रिपोर्ट तुमगांव थाने में 27 मार्च को दर्ज हो गई। मामले में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अस्वस्थता की वजह से अस्पताल दाखिल किया गया था लेकिन, शुक्रवार दोपहर उसे जेल भेज दिया गया।



**मामले ने तूल पकड़ा तब आनन-फानन में आरोपी पूर्व सरपंच को भेजा गया जेल**

### शराब पीकर स्कूल पहुंचा सहायक शिक्षक निलंबित

**महासमुंद।** शराब पीकर स्कूल पहुंचे सहायक शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। महासमुंद विकासखंड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त पत्र के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला रामाडबरी में पदस्थ सुरेंद्र कुमार भाठिया के विगत 17 मार्च को शराब सेवन कर शाला में उपस्थित होने की सूचना मिली। चिकित्सीय मुलाहिजा में शराब सेवन करने की पुष्टि हुई। जिसके बाद संबंधित से बीईओ द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया। लेकिन, असंतोषप्रद जवाब प्राप्त होने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम (वर्गीकरण, नियंत्रण, तथा अपील) 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी होगा तथा इस दौरान संबंधित को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर विनय लंगेह ने बैठक के दौरान ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध कड़ी कारवाई करने के निर्देश दिए है जो शराब का सेवन कर शाला में आते हैं।




# कारों पर महंगाई की मार, प्रदेश में 20 फीसदी तक कम हो गया व्यापार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के साथ प्रदेश में भी मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हुंडई सहित ज्यादातर कंपनियों ने अपनी कारों की कीमत में एक अप्रैल से इजाफा कर दिया है। इसका असर यह हो गया है कि अपने प्रदेश में शुरुआती दौर में अप्रैल के पहले पखवाड़े में 15 से 20 फीसदी तक कारोबार प्रभावित हो गया है। जिनके शोरूम में एक माह में 500 तक कारें बिक जाती हैं, उनके यहां अप्रैल के पहले पखवाड़े में 200 के आसपास ही कारें बिकी हैं।

कारोबारियों का कहना है, आने वाले समय में इसका असर कम होने लगेगा। ऋण में ब्याज दर कम होने से कुछ राहत जरूर मिल रही है। कच्चे माल की कीमत ज्यादा होने का हवाला देते हुए ज्यादातर कार निर्माता कंपनियों ने अपनी कारों की कीमत में एक अप्रैल से इजाफा करने का पहले ही ऐलान किया था। इसके बाद एक अप्रैल से कारों की कीमत में इजाफा हो गया है। जहां देश में सबसे ज्यादा बिकने वाली मारुति की कारों में ढाई से चार फीसदी तक का इजाफा हुआ है, वहीं दूसरी कंपनियों ने तीन फीसदी तक दाम बढ़ाए हैं। कारों के अलग-अलग मॉडल में अलग-अलग प्रतिशत के हिसाब से इजाफा हुआ है। जैसे रायपुर में मारुति की अर्टिगा कार पर करीब 22 हजार का इजाफा हुआ है।

यह तीन फीसदी से कम है। इसी तरह से मारुति की इको कार की कीमत में वैसे तो 25 हजार तक का इजाफा हुआ है, लेकिन इसमें ऑफर के कारण दस हजार कीमत कम हो जा रही है। पहले इस मॉडल पर 20 हजार का डिस्काउंट मिल रहा था जिसको अब दस हजार कर दिया गया है। डिजायर की कीमत में करीब आठ हजार का इजाफा हुआ है। इसमें डिस्काउंट भी बंद हो गया है।

### मारुति, टाटा, हुंडई, महिंद्रा एंड महिंद्रा सहित ज्यादातर कंपनियों की कारें 3 से 4 फीसदी महंगी



### कुछ समय तक रहेगा असर

ऑटोमोबाइल कारोबारियों का कहना है कि अभी कारों कीमत में इजाफा होने का पहला ही माह है। इसमें से अभी 15 दिनों का समय निकला है। इसमें शुरुआती तौर पर 20 फीसदी कारोबार में असर दिख रहा है। मारुति के राजधानी के एक शोरूम में आमतौर पर एक माह में 500 कारें बिकती हैं। अप्रैल के पहले 15 दिनों में 210 कारें बिकी हैं। अन्य कारों के शोरूम में भी कारों की बिक्री पर असर पड़ा है। कारोबारियों का कहना है आने वाले समय में यह असर कम हो जाएगा। प्रदेश में एक माह में तीन से चार हजार कारें बिक जाती हैं।

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी 21 को करेगी मुख्यमंत्री निवास का घेराव



रायपुर। राजधानी रायपुर में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर की बैठक हुई, जिसमें जिले के विधानसभा प्रभारी शामिल हुए। बैठक में उपस्थित कांग्रेसियों ने 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास घेराव की रणनीति बनाई है। इसी दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उधोराम वर्मा ने बताया कि बैठक में प्रमुख रूप से 21 अप्रैल को प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था, माता-बहनों के ऊपर हो रही दरिंदगी, मासूम बच्चियों के साथ घिनौने अनाचार की घटनाओं ने प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है।

### कैट ने सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल को दी बधाई



रायपुर। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल से मुलाकात की। अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। इस मौके पर श्री पारवानी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेक इन इंडिया की अवधारणा को सफल बनाने के लिए पूरे देश में छत्तीसगढ़ की उद्योग नीति सबसे ज्यादा सफल रही। प्रदेश में 4 इंडस्ट्रियल क्लस्टर के स्थापना की घोषणा गई है। इनमें से दो राजनांदगांव जिले के घुमना तहसील में और दो नवा रायपुर में स्थापित होंगे।

### शहीद तात्या टोपे की पुण्यतिथि पर सीएम साय ने किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 1857 की क्रांति के महानायक, क्रांतिकारी और देशभक्त सेनापति शहीद तात्या टोपे की पुण्यतिथि 18 अप्रैल पर उन्हें सादर नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि तात्या टोपे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन अमर योद्धाओं में से हैं, जिनकी रणनीतिक कुशलता, अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण आज भी हर देशवासी को गर्व और प्रेरणा से भर देता है। वे प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे सेनानायक थे, जिन्होंने अंग्रेजी सत्ता को खुली चुनौती दी और जब युद्ध के पारंपरिक रास्ते बंद हो गए, तब उन्होंने गुरिल्ला युद्ध नीति अपनाकर संघर्ष को जिंदा रखा। तात्या टोपे की अटूट देशभक्ति और उनकी त्यागमयी गाथा सदैव हमारे लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी।

### आईटीआई परीक्षा में उपस्थिति 8 प्रतिशत के न्यूनतम स्तर पर रही

# व्यापम की परीक्षाओं में रिकार्ड अर्जियां, पर कई में उपस्थिति आधी भी नहीं, तीन साल में 12 करोड़ का घाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल, राज्य लोक सेवा आयोग सहित विभिन्न विभागों में होने वाली भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने अब अभ्यर्थियों को शुल्क देना होगा। जो अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे, उन्हें उनकी राशि लौटा दी जाएगी। दूसरी ओर ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने आवेदन तो किया है, लेकिन परीक्षा में शामिल नहीं हुए उनकी राशि व्यापम, पीएससी अथवा परीक्षा कराने वाली एजेंसी के खाते में जाएगी। कांग्रेस सरकार द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में लिए जाने वाले शुल्क में माफी की घोषणा की गई थी। 8 अप्रैल 2022 से यह नियम लागू हुआ। इसके 3 साल 10 दिन बाद भाजपा शासन ने नए नियम की घोषणा कर दी है।

बीते तीन वर्षों में सर्वाधिक नुकसान व्यापम को उठाना पड़ा है, क्योंकि व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा ही सर्वाधिक प्रवेश परीक्षाएं और भर्ती परीक्षाएं आयोजित की गईं। इसके उलट पीएससी द्वारा सीमित भर्ती परीक्षाएं ही आयोजित कराई गई। थोक में छात्र ऐसे भी रहे, जिन्होंने फॉर्म तो भरा लेकिन परीक्षा दिलाने ही नहीं पहुंचे। व्यापम द्वारा आयोजित कराई जाने वाली परीक्षा में प्रतिछात्र 300 से 350 रुपए का औसत खर्च आता है। ऐसे में अनुमानतः परीक्षा नहीं दिलाने वाले अभ्यर्थियों के प्रश्नपत्र और उनके लिए लगाए गए मैनपावर के चलते 12 करोड़ रुपए का अनुमानित घाटा व्यापम को हुआ है। इन तीन सालों में कई रिकॉर्ड बने भी हैं। व्यापम द्वारा 2023 में आयोजित आईटीआई प्रशिक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों का आंकड़ा 8 प्रतिशत से भी नीचे चला गया था। इसके अतिरिक्त बीएड-डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए रिकॉर्ड पांच लाख से अधिक आवेदन मिले थे।

### 8 अप्रैल 2022 से समाप्त किया गया था परीक्षा शुल्क

### सामान्य वर्ग की फीस 350 रुपए, पिछड़ा वर्ग तथा एसटी-एससी से लिए जाते थे 250 रुपए

### नए नियम कब से यह तय नहीं

हरिभूमि तत्काल

वर्तमान में सहायक विकास विस्तार अधिकारी सहित कई विभागों में भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन जारी है। प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी आवेदन प्रक्रिया जारी है। व्यापम के अधिकारियों के अनुसार, शासन द्वारा यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि नया नियम कब से लागू होगा। ऐसे में व्यापम द्वारा पुराने नियमों का ही अनुसरण करते हुए छात्रों से शुल्क लिया जा रहा है। शासन द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश प्राप्त होने के बाद ही अभ्यर्थियों में आवेदन शुल्क का प्रावधान जोड़ा जाएगा।




### प्रति छात्र 300-350 रुपए खर्च

व्यापम अधिकारियों के अनुसार, परीक्षार्थियों के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने और इसकी छपाई, ओएमआर शीट, परीक्षा केंद्र पर्यवेक्षक व मूल्यांकनकर्ता को किए जाने वाले भुगतान, परिवहन सहित अन्य सभी मदों को मिलाकर प्रतिछात्र 300 से 350 रुपए का खर्च आता है। इसके आधार पर ही पूर्व में शुल्क निर्धारित किया गया था।

### बढ़ सकती है फीस

तीन वर्ष पहले तक अधिकतर भर्ती परीक्षा तथा प्रवेश परीक्षाओं में सामान्य वर्ग के छात्रों से 350 रुपए लिए जाते थे। पिछड़ा वर्ग तथा एसटी-एससी वर्ग के उम्मीदवारों से 250 रूपए लिए जाते रहे हैं। तीन वर्षों तक आवेदन निशुल्क रहने के कारण फीस वृद्धि संबंधित विचार नहीं हुआ। चूंकि तीन वर्ष पश्चात दोबारा फीस लिए जाने की तैयारी है तो ऐसे में व्यापम के अधिकारियों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि फीस में आंशिक वृद्धि की जा सकती है।

### व्यापम द्वारा आयोजित पिछले तीन परीक्षाओं का हाल...

**सहायक सांख्यिकी विकास अधिकारी : 37 हजार आवेदन, 85% नदारत :** 13 अप्रैल को व्यापम द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। 17 पदों के लिए 37 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे, लेकिन पहुंचे सिर्फ 15.01 प्रतिशत। अक्टूबर 2023 में जारी हुए विज्ञापन के बाद लगभग डेढ़ साल बाद रविवार को व्यापम ने परीक्षा ली। रायपुर में इसके लिए 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। रायपुर में 10 हजार 185 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से सिर्फ 1 हजार 592 ही परीक्षा दिलाने पहुंचे।

**मत्स्य निरीक्षक : आवेदन 21 हजार, पहुंचे 1900**

23 मार्च को हुई मत्स्य निरीक्षक परीक्षा में 21 हजार लोग ने आवेदन किया था। सिर्फ 1900 लोग परीक्षा में शामिल हुए जो 9 प्रतिशत है। हालात यह थे कि कई केंद्र पूरी तरह से सूने रहे। यहां पर्यवेक्षक अभ्यर्थियों का इंतजार करते रहे। कुछ केंद्रों में अभ्यर्थियों से अधिक संख्या परीक्षा व्यवस्था बनाए रखने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की रही।

**लैब असिस्टेंट : 9 पद, 67 हजार आवेदन, 84% गायब :** 9 मार्च को व्यापम ने कृषि संचालनालय के अंतर्गत लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा आयोजित की। मात्र 9 पदों के लिए निकाली गई इस भर्ती के लिए 67 हजार आवेदन मिले थे। राजधानी रायपुर में 17250 अभ्यर्थियों के लिए 44 केंद्र बनाए गए, लेकिन 84 प्रतिशत अभ्यर्थी गायब रहे।

### 2024 में प्रवेश परीक्षाओं की स्थिति

- पीएटी व पीव्हीपीटी : 9 जून को परीक्षा, 46275 आवेदन, 23813 उपस्थित
- प्री बीएबीएड, बीएससीबीएड : 9 जून को परीक्षा, 37037 आवेदन, 7620 उपस्थित
- पीईटी : 13 जून को परीक्षा, 22854 आवेदन, 12070 उपस्थित
- प्रीएमसीए : 13 जून को परीक्षा, 7295 आवेदन, 1220 उपस्थित
- पीपीएचटी : 13 जून को परीक्षा, 37076 आवेदन, 18371 उपस्थित
- पीपीटी : 23 जून को परीक्षा, 32857 आवेदन, 10747 उपस्थित
- प्रीबीएड : 30 जून को परीक्षा, 253649 आवेदन, 158353 उपस्थित
- प्रीडीएलएड : 30 जून को परीक्षा, 305629 आवेदन, 201938 उपस्थित
- बीएससी नर्सिंग : 14 जुलाई को परीक्षा, 52628 आवेदन, 27883 उपस्थित
- पोस्ट बेसिक नर्सिंग : 28 जुलाई को परीक्षा, 7189 आवेदन, 1578 उपस्थित
- एमएससी नर्सिंग : 28 जुलाई को परीक्षा, 5615 आवेदन, 2372 उपस्थित

## अधोक्षजानन्द देव के छत्तीसगढ़ आगमन पर रोक लगाने आदित्य वाहिनी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ राष्ट्रीय पीठ परिषद के उपाध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता में किया विरोध

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में 21 से 27 अप्रैल के बीच जामुल क्षेत्र सुरडुंग में रूद्र महायज्ञ होना तय है। इसमें आयोजन समिति द्वारा अन्य आचार्यों के साथ स्वामी अधोक्षजानन्द देव तीर्थ नामक व्यक्ति को पुरी गोवर्धनपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य के रूप में प्रचारित करते हुए आमंत्रित किया जा रहा है। इसका धर्मसंघ, पीठपरिषद, आदित्य वाहिनी और आनंद वाहिनी द्वारा घोर विरोध किया जा रहा है। राजधानी में गुरुवार को पत्रकार वार्ता लेते हुए राष्ट्रीय पीठ परिषद के उपाध्यक्ष आचार्य झम्मन शास्त्री के साथ ही सीमा तिवारी, विजय शर्मा, नवीन तिवारी और टीका राम साहू ने अधोक्षजानन्द को फर्जी शंकराचार्य बताते हुए छत्तीसगढ़ में प्रवेश रोकने मांग रखी। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह को ज्ञापन दिया है। इसे विधानसभा अध्यक्ष ने गंभीर विषय मानते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा को कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है। इस मामले को लेकर धर्मसंघ के प्रतिनिधिमंडल ने गृहमंत्री से मिलने के बाद त्वरित कार्यवाही के लिए अनुरोध किया है। यह सर्व विदित है कि वर्तमान में श्रीगोवर्धनमठ पुरीपीठ के 145वें जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज हैं, जो

*किसी सूरत में न्याय संगत नहीं : पीएम नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित सीएम योगी आदित्यनाथ, विष्णुदेव साय, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह, विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने भेंट पुरी पीठाधीश्वर से आशीष प्राप्त किया। यही नहीं भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने कई निर्णय में पुरी के वर्तमान प्रामाणित शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज का उल्लेख किया है। ऐसी स्थिति में अधोक्षजानन्द देव यानी नकली व्यक्ति का प्रदेश में आगमन तथा किसी के द्वारा उसे शंकराचार्य के रूप में बुलाना न्याय संगत नहीं है।*

## सरकारी जमीन से कब्जा हटाने निगम ने चलाया बुलडोजर, तोड़ा बाउंड्री-मकान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकारी जमीन पर लोगों द्वारा बनाई गई बाउंड्री और मकान को तोड़ते हुए कब्जा मुक्त कराने के लिए गुरुवार को भी बिरगांव निगम का अमला दबिश देने पहुंचा। सरोरा और उरकुरा वार्ड में सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग का खेल रोकने के लिए निगम आयुक्त यूके उर्वासा के साथ नगर निवेश विभाग की टीम पुलिस बल के साथ तोड़-फोड़ करने के लिए निकली। दोबारा कब्जा करने पर एफआईआर की चेतावनी दी है।

बिरगांव निगम क्षेत्र के उरकुरा में वार्ड में सात स्थानों पर लगभग 5 एकड़ जमीन से अवैध प्लाटिंग कर किए गए सड़क, बाउंड्री और मकान निर्माण को दस्ते ने बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया। इसके साथ ही जिन लोगों का कब्जा था, उन्हें चेतावनी दी गई है कि दूसरा किसी तरह से अवैध निर्माण किया जाता है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। इसके लिए आयुक्त ने दिशा-निर्देश दिया है। तोड़-फोड़ के दौरान विरोध की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन की मदद से पुलिस बल के साथ निगम की टीम कार्रवाई करने पहुंची। इस कार्रवाई से पहले बुधवार को निगम के अमले ने सरोरा वार्ड में भी दबिश देते हुए 4 जगह से अवैध कब्जा हटाया था।



■ बिरगांव निगम आयुक्त ने सरोरा, उरकुरा वार्ड में अवैध कब्जा हटाने दी दबिश

## महापौर ने मितानिनों के कार्य को सराहा






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ मलीन बस्तियों के रहवासियों को जागरूक बनाने पर जोर

महापौर मीनल चौबे ने कहा है कि स्वास्थ्य शिविरों को रायपुर में सफल बनाने में मितानिनों का सक्रिय योगदान रहा है। मितानिन बहनें शहरी क्षेत्र के गरीब लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहे, इसके लिए बहुत अच्छा कर रही हैं। शहर की मलिन बस्तियों में रहने वालों को जागरूक बनाने पर जोर दिया जाना चाहिए।

उन्होंने ये बातें राजधानी में आयोजित राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत पार्षदों के लिए आयोजित कार्यशाला में कही। लोक स्वास्थ्य सेवाओं में जनभागीदारी एवं सुदृढ़ीकरण विषय पर रखी गयी कार्यशाला में वे मुख्य अतिथि के रूप में अपने उदबोधन में इस आशय के विचार रखे। राजधानी के निजी हॉटल में जनप्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निगम के स्वास्थ्य विभागाध्यक्ष गायत्री-सुनील चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में रायपुर के मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी उपस्थित रहे। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर ने कहा स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन रायपुर शहर के लिए काफी अच्छा है। सभी पार्षदों को इसमें आगे आकर नागरिकों को जागरूक करने सहभागी अवश्य बनना चाहिए। कार्यशाला में शहरी कार्यक्रम प्रबंधकअशोक सिंह,अनुराग गुप्ता, शहरी डाटा मैनेजर अनुराधा तिवारी, सिटी अकाउंट मैनेजर बजरंग सिंह ठाकुर, एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहें। कार्यक्रम स्थल में सभी प्रतिभागियों की बीपी एवं शुगर जांच भी की गई। कार्यशाला में एमआईसी सदस्य गायत्री चंद्राकर दीपक जायसवाल, महेंद्र खोडियार, अमर गिदवानी, नंदकिशोर साहू, भोलाराम साहू, सुमन-अशोक पांडे, डॉ. अनामिका सिंह,खेम कुमार सेन, संतोष-सीमा साहू, अवतार-भारती बागल, जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, साधना-प्रमोद साहू, अंबर अग्रवाल, बद्री प्रसाद गुप्ता, प्रीतम सिंह ठाकुर, गोपेश साहू , सचिव मेघानी शामिल हुए।

### स्वास्थ्य जांच स्टॉल पर मेयर ने बीपी की कराई जांच

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के कार्यशाला आयोजन स्थल पर स्वास्थ्य जांच स्टाल पर महापौर ने अपने बीपी की जांच करवायी। कार्यशाला में पार्षदों को आयुष्मान योजना के तहत स्मार्ट कार्ड की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ अविनाश चतुर्वेदी, डॉ विमल किशोर राय, डॉ. प्रीति नारायण, डॉ श्वेता सोनवानी के साथ सभी जिला सलाहकार डॉक्टर निकिता पवार डॉ राखी डॉ रंजना आलोक, अमन दास द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया।

### वित्त ने सभी विभागों के लिए जारी किए निर्देश

# जब राशि बांटनी हो तभी कोषालय से निकाल सकते हैं, ऐसा न करना गंभीर अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी विभागों सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों, कलेक्टर-कमिश्नरों को निर्देश दिया है कि बजट में शामिल योजनाओं और कार्यों के लिए किए गए प्रावधान से संबंधित राशि का खर्च कैसे करना है। कहा गया है कि कोई भी राशि कोषालय से तब तक आहरित नहीं की जाएगी, जब तक तत्काल वितरण किया जाना अपेक्षित न हो। मांग की प्रत्याशा या बजट अनुदानों के व्यपगत (लैप्स) होने से बचाने के लिए कोषालय से राशि निकालना एक गंभीर वित्तीय अनियमितता है। ऐसे आहरण के लिए दोषी व्यक्ति अनुशासिक कार्रवाई का भागी होगा। वित्त विभाग ने यह निर्देश राज्य के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टर को भेजा है। निर्देश में कई बिंदुओं के आधार पर कई बातें कहीं गई हैं। राज्य की संचित निधि से आहरण तभी किया जाना चाहिए तब कार्य कर लिया गया हो या उसके भुगतान का देयक प्राप्त हो गया हो।




### बजट में उपलब्ध राशि से अधिक दायित्व न बनाएं

वित्त विभाग ने कहा है कि यह देखने में आया है कि कतिपय विभागों द्वारा कुछ मदों में बजट से व्यय हेतु उपलब्ध राशि से अधिक राशि के दायित्व निर्मित कर लिये जाते है एवं भुगतान हेतु वित्त विभाग से अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है। यह प्रक्रिया उचित नहीं है। ऐसे प्रकरणों में जहां बजट प्रावधान से अधिक राशि के व्यय की स्वीकृति आवश्यक हो, प्रशासकीय विभाग के माध्यम से अतिरिक्त दायित्व निर्मित करने के पूर्व कारण एवं औचित्य सहित वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजकर पूर्वानुमति लिया जाना चाहिए। ऐसा नहीं करने की स्थिति में प्रशासकीय विभाग द्वारा उत्तरदायित्व निर्धारण की कार्यवाही की जाये एवं किसी भी स्थिति में अतिरिक्त दायित्व हेतु राशि उपलब्ध कराने के लिए वित्त विभाग बाध्य नहीं होगा। कुछ प्रकरणों में विभागों कार्यालयों द्वारा बिना वित्त विभाग की पुर्वानुमति के वाहन किराये पर लेकर भुगतान हेतु अतिरिक्त राशि की मांग वित्त विभाग से की जाती है। इसी प्रकार सड़कों के संधारण एवं अनुरक्षण गदों में भी बजट प्रावधान से अधिक राशि की स्वीकृतियां जारी कर अतिरिक्त दायित्व निर्मित किये जाते हैं।

## रायपुरा के बघवा तालाब के चारों तरफ पेवर ब्लाक लगाने का चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुरा के बघवा तालाब की सफाई, गहरीकरण कार्य के बाद तालाब के चारों ओर स्टोन पिचिंग कर पेवर लगाने का काम किया जा रहा है। वहीं यादव पारा की तरफ 200 मीटर दायरे में एप्रोच रोड का निर्माण होगा। इसके साथ नाली निकासी का कार्य दूसरे चरण में कराया जा रहा है। तालाब के पास खाली जमीन पर सुंदर बगीचा विकसित किया जाएगा। यही नहीं, योगाभ्यास करने वालों के लिए तालाब किनारे योग जोन, मेडिटेशन रूम बनाया जाएगा। वहीं सीनियर सिटीजन की सुविधा के लिए अलग से रेस्ट रूम बनाने की योजना है। द्वितीय चरण के इस कार्य के लिए 1 करोड़ 48 लाख की मंजूरी मिली है।

नगर निगम द्वारा जोन 8 क्षेत्र के माधवराव सप्रे वार्ड स्थित रायपुरा के बघवा तालाब को सुंदर बनाने तालाब की सफाई और गहरीकरण कार्य कराया गया है। 35 एकड़ क्षेत्र में फैले प्राचीन तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए प्रथम फेज में 2 करोड़ 40 लाख रुपये खर्च कर बघवा तालाब की सफाई और गहरीकरण का कार्य कराया गया है। एक अरसे तालाब की सफाई नहीं होने से तालाब गहरीकरण के दौरान मवेशियों के गोबर और गाद की मात्रा इतनी ज्यादा रही कि 3 फीट की जगह 6 फीट गहराई तक भारी मात्रा में गोबर और गाद तालाब से बाहर निकाला गया। प्रोजेक्ट में 4.5 एकड़ एरिया प्रस्तावित था, पर अधिकारियों की स्पॉट पर नापजोख के बाद आधा एकड़ क्षेत्र ज्यादा निकला। इसीलिए तालाब सौंदर्यीकरण का काम आधे में रुक गया।



### लैंड स्केपिंग, बगीचा विकसित करने पौधारोपण को किया शामिल

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने तालाब सफाई और गहरीकरण तथा रिटेनिंग वाल निर्माण के बाद इसमें पेवर ब्लाक लगाने, लैंड स्केपिंग करने और सुंदर बगीचा विकसित का कार्य इसमें शामिल कर 1 करोड़ 48 लाख रुपए की स्वीकृति का नया प्रस्ताव भी दिया। फंड की स्वीकृति मिलते ही तालाब किनारे पेवर ब्लाक लगाने का कार्य कराया जा रहा है। प्रोजेक्ट प्रभारी अधिकारी अंशुल शर्मा ने बताया कि तालाब की सुंदरता बढ़ाने लैंड स्केपिंग करायी जायेगी। इसके अलावा मेडिटेशन रूम बनेगा। योग करने वालों के लिए योग जोन विकसित कराया जाएगा। यही नहीं, बच्चों के लिए आकर्षक गेम्स की सुविधा देने और जुंबा डांस करने वालों के लिए अलग से स्पेस देने की योजना है।

**खबर संक्षेप**

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**महासमुंद।** बेलसोंडा स्वागत द्वार के पास एक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अजीत टंडन निवासी रायपुर 17 अप्रैल को ग्राम नांदगांव अपने साले अरूण जांगडे के घर मिलने के लिये आया था, वह शाम करीबन 5 बजे अपने घर जाने के लिये अपनी मोटर सायकल प्लेसटिना क्रमांक सीजी 04 एचयू 9278 से निकला था जो शाम करीब 5.30 से 6 बजे के मध्य महासमुंद जाने वाली रोड एनएच 353 रोड बेलसोंडा स्वागत द्वार के सामने पहुंचा था, उसी समय महासमुंद से घोडारी की ओर जा रही ट्रक क्रमांक सीजी 06 एचए 6080 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सींडेंट कर दिया। एक्सीडेट से अजित टंडन को सिर में गंभीर चोट लगी और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### चंदा दल के दो दंतैल गंगरेल डुबान की ओर

**धमतरी।** चंदा दल के दो दंतैल के डुबान की ओर रवाना होने की खबर है। धमतरी डिप्टीरेंजर राकेश तिवारी ने बताया कि गुरुवार रात को छुही परिक्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी के आबादी क्षेत्र से होते हुए दो दंतैल गेदरापारा के जंगल में पहुंच गए थे। शुक्रवार रात ये गंगरेल डुबान क्षेत्र के उरपुटी की ओर जा सकते हैं। निगरानी दल हाथियों की लोकेशन पर नजर रखा हुआ है।

### गंधर्व समाज की बैठक कल

**नगरी।** गंधर्व समाज जिला धमतरी कार्यकारिणी की बैठक ग्राम दुगली में 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे रखी गई है। अध्यक्ष, सचिव ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

**आयोजन:** बाल विवाह के दुष्परिणामों पर ग्रामीणों को किया गया जागरूक

# सांकरा ग्राम में पोषण पखवाड़ा एवं बाल विवाह उन्मूलन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित






हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

विकासखंड स्तरीय पोषण पखवाड़ा एवं बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत सांकरा के समरसता भवन में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को पोषण के महत्व एवं बाल विवाह के दुष्परिणाम और उचित विवाह उम्र के महत्व से अवगत कराया गया आयोजित कार्यक्रम सामाजिक और स्वास्थ्यगत हानियों के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत पिथौरा की अध्यक्ष उषा धृतलहरे उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच सतपाल सिंह छाबड़ा ने की। विशिष्ट अतिथियों में सरपंच सपोस किशोर चंद्र बघेल, उपसरपंच मिथिला राणा, पूर्व जनपद सदस्य गुरमीत कौर छाबड़ा, उद्धव खम्हारी, गोपी खम्हारी, राजेश विशाल, वीरेंद्र देव, एवं ललिता राणा शामिल रहे। परियोजना अधिकारी रतन तंवर ने बाल विवाह के कारण होने वाले सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आगामी अक्षय तृतीया पर्व के मद्देनज़र बाल विवाह जैसी कुरीतियों से बचने और सतर्क रहने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने हेतु शपथ भी दिलाई गई। पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से 22 के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में पर्यवेक्षक संगीता साहू ने पोषण संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता, स्वस्थ व्यंजन प्रतियोगिता, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई (चार हितग्राही), चार बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार और स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता जैसी गतिविधियां प्रमुख आकर्षण रहीं। कार्यक्रम का कुशल संचालन लखन कुर्रे, समन्वयक संकुल केंद्र सांकरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक सुश्री मीना लाल, हरिप्रिया पटेल, चित्ररेखा साहू, पुष्पलता कुर्रे, विंध्येश्वरी कुर्रे, आरती साहू, आकांक्षा मिश्रा व कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं क्षेत्र की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# क्रिकेट स्पर्धा 27 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

फारेस्ट प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 27 अप्रैल से होगा। आयोजित होगी लगभग 45 दिनों तक चलने वाली इस लीग प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन प्रक्रिया आयोजित कर किया गया।

इस दौरान ओनर द्वय यार्कर योद्धा के लारेंस एंटोनी, स्वराज सुपर किंग के ईश्वर चंद्राकर, वीएनएस के विजय राजपूत, विकास इलेवन के विकास साहू, जेनेसिस के सेबेस्टिन जेकब, आराध्या इलेवन के पंकज साहू, राइजिंग चैंपियन के सतीश दीवान, कृष्णा वारियर्स के मिथुन जगत, महाकाल इलेवन के रिंकू महानंद, नम्रता स्ट्राइकर्स के उमाशंकर देवांगन ने 140 पंजीकृत खिलाड़ियों का ऑक्शन प्रक्रिया से अपनी अपनी टीम में खिलाड़ियों का चयन किया।

आज खिलाड़ी चयन प्रकिया की विधिवत शुरुआत एफपीएल के सीनियर सदस्य अजय चौहान सहित कोर कमेटी के सदस्यों ने समस्त ऑनर्स का बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, अधिवक्ता संदीप साहू उपस्थित थे। राशि त्रिभुवन महिलांग ने एफपीएल के आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि शहर और ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं को लीग क्रिकेट प्रतियोगिता मजबूत मंच देने का आधार है। महिलांग ने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेल खेलने की बात कही।

इस अवसर पर अधिवक्ता संदीप साहू स्वराज सुपर किंग के ओनर ईश्वर चंद्राकर, यार्कर योद्धा के ओनर लारेंस एंटोनी विकास इलेवन के ओनर विकास साहू ने भी अपने विचार रखे। कमेटी के सदस्य अजय चौहान ने एफपीएल प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य मोहन परमार जीनस जान जोजी, चमन चंद्राकर, सुशील रणवी, दीपक पटेल, नईम खान, सौरभ साहू, हर्ष चंद्राकर, सिराज बक्श, हर्ष चंद्राकर, संतोष राम, इशू धीवर मौजूद थे। खिलाड़ी चयन प्रकिया को यू ट्यूब में ऑनलाइन प्रविष्टि भावेश गजपाल ने किया। मंच का संचालन कोर कमेटी के सदस्य सिराज बक्श ने किया।



### वार्ड 24 का नपाध्यक्ष ने किया भ्रमण

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड क्रमांक 24 कुम्हार पारा में पहुंचकर वार्ड की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने वार्डवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने वार्ड भ्रमण कर वार्ड के विकास के लिए संभावनाओं की तलाश की। इस दौरान वार्ड 24 के पार्षद पवन पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# भोरिंग में मंत्री बघेल की मौजूदगी में अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



गौरव ग्राम ग्राम पंचायत भोरिंग 14 अप्रैल को डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर गौतम बुद्ध, डॉ भीमराव अंबेडकर एवं दादा नकुल देव ढीढी की आदम कद प्रतिमा का अनावरण छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल की मुख्य अतिथ्य, सांसद रूप कुमारी चौधरी की अध्यक्षता, योगेश्वर राजू सिंह विधायक महासमुंद एवं विशिष्ट अतिथि चंदूलाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद, चंद्रहास चंद्राकर, पूनम चंद्राकर, विमल चोपड़ा, संजय ढीढी पूर्व विधायक आरंग, येतराम साहू, वीरेंद्र कुमार ढीढी एवं समस्त ग्रामवासी व सतनामी समाज की गरिमामय उपस्थिति में हुआ।

छत्तीसगढ़ शासन कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि नकुल देव ढीढी के जन्म स्थान एवं कर्मभूमि उनके सामाजिक कार्यों के प्रति किए गए आदम साहस संघर्ष बाबा गुरु घासीदास की जयंती का प्रारंभ करके समूचे सतनाम पंथी को एकजुट करने का अनुकरणीय प्रयास किया जिससे पूरे प्रदेश देश-विदेश में सतनामी पंथ की अलग पहचान बनी है यह बात अपने बोधन में मंत्री महोदय ने समाज को बताया कि नकुल ढीढी ने ही सतनामी समाज का तीरथ धाम गिरोधपुरी में तीन दिवसीय मेल 1961 में शुरू करने का श्रेय नकुल ढीढी की देन है। समाज के विकास के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा किए। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने डॉ बाबासाहेब आंबेडकर एवं दादा नकुल देव दीदी की छत्तीसगढ़ में सामाजिक संघर्षों के महत्व के बारे में समाज को बताया। योगेश्वर राजू सिंहा विधायक महासमुंद ने भी नकुल ढीढी ने बाबा गुरु घासीदास के चरितार्थ को छत्तीसगढ़ में किस प्रकार फैलाया इसके बारे में अपने उद्बोधन में उन्होंने समाज को बताया ढीढी जीवन पर्यंत बाबा के उपदेशों को अपने पंथी नृत्य कीर्तन के माध्यम से लोगों में फैलने का प्रयास किया जिसका परिणाम है कि आज सतनामी समाज की विशेष पहचान बनी हुई है और यह संस्कृति इसकी लोक नृत्य की भी गरिमा पूरे देश प्रदेश और विश्व मंष एक अलग पहचान बनी है एवं समाज विकास के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा विधायक किया। नकुल ढीढी के पौत्र वीरेंद्र कुमार ढीढी ने भी सभा को संबोधित किया। आए हुए अतिथियों का समाज के द्वारा स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के आयोजक समिति के अध्यक्ष सुखनंदन डहरिया ग्राम भोरिंग, सत्यप्रकाश राय, शिशुपाल बर्मन, थीसिस विनेश, प्रकाश टंडन, सत्यभान, राकेश टंडन, यशवंत मन्नाडे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार आवड़े एवं आभार प्रदर्शन प्रकाश टंडन द्वारा किया गया।

# मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराने में सरकार विफल : विनोद चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी के तहत ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने की दिशा में सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ-साथ महासमुंद जिले में भी भाजपा की सरकार आने के बाद से मजदूरों की संजीवनी कही जाने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मृतप्राय होती जा रही है। पूरे जिले में किसी भी पंचायत में इस योजना के तहत कार्य प्रारंभ नहीं है, और ना ही कार्यों की स्वीकृति दी जा रही है। जबकि यह निम्न तबके के लोगों की जीविका का सहारा है। कार्य स्वीकृत एवं प्रारंभ न होने की स्थिति में जिले से बहुतायत रूप में मजदूरों का पलायन अन्य प्रदेशों में हो रहा है।

पूर्व संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद पिछले वर्ष भी जिला महासमुंद को उक्त योजना के अंतर्गत मानव दिवस मजदूरी का जो लक्ष्य दिया गया था, अधिकारियों की लापरवाही व उदासीनता के चलते आधा लक्ष्य भी पूर्ण नहीं हो पाया है। जिला महासमुंद में कुल पंजीकृत मनरेगा जॉबकार्ड 1, 66, 906 है, जिसमें सक्रिय जॉब कार्ड 1, 40, 383 हैं। जिन्हें एक वित्तीय वर्ष में योजना अंतर्गत 100 दिवस एवं छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 50 दिवस मजदूरी कुल 150 दिवस मजदूरी एक जॉबकार्ड में दिया जाना है। मनरेगा योजनांतर्गत मजदूरी दर भी पूर्व में 243 रुपए प्रतिदिन थी, अब वर्तमान में 261 रुपए का मजदूरी भुगतान प्रतिदिन के दर से किया जाना है। जिले को उक्त योजना अंतर्गत कहने के लिये तो 8 करोड़ मानव दिवस का लक्ष्य दिया गया है, लेकिन अभी तक इस योजना में किसी भी पंचायत से न ही प्रस्ताव मंगाया जा रहा है, न ही इस संबंध में कोई जानकारी पंचायतों को दी जा रही है। वस्तुतः इस योजना से ग्रामों में मूलभूत कार्य आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। लेकिन दुर्भाग्य है, कि महासमुंद जिले में अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं किये जा रहे हैं, लक्ष्य की पूर्ति होना संभव ही नहीं है। परिणाम स्वरूप मजदूर योजना का लाभ लेने से वंचित हो रहे हैं। श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि कई पंचायतों में रोजगार सहायक एवं सरपंच द्वारा निष्क्रिय जॉबकार्ड एवं जो कभी काम में नहीं गये आर्थिक रूप से सक्षम जॉबकार्ड धारियों के नाम पर फर्जी मस्टररोल तैयार कर राशि का आहरण किया गया है। इस तरह की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। अधिकारियों को इस तरह की शिकायतों से अवगत कराने के बावजूद भी किसी तरह की कार्यवाही संबंधित विभाग द्वारा नहीं की जा रही है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना यह एक योजना ही नहीं अधिनियम भी है, इस अधिनियम का पालन संबंधित विभाग के अधिकारी नहीं कर रहे हैं। यही कारण है, कि जिले को दिये गये लक्ष्य से बहुत पीछे रह जाता है। जिससे योजना का लाभ जिले के मजदूरों को नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार एवं जिले के अधिकारियों की उदासीनता से मजदूरों को कार्य की गारंटी से वंचित होने के साथ-साथ आर्थिक परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने तत्काल मनरेगा अंतर्गत महासमुंद जिले के सभी ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव मंगाकर अविलंब कार्य स्वीकृति एवं प्रारंभ कराने की मांग की गई है।



# ट्रेलर डिवाइडर से टकराया चालक हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विशाखापटनम रोड निर्माण के लिए फ्लाईऐश खाली कर लौट रहा ट्रेलर डिवाइडर से टकरा गया। इस घटना में ट्रेलर का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। भारतमाला परियोजना के तहत विशाखापटनम जाने के लिए सिक्सलेन रोड निर्माण का कार्य जारी है। सड़क निर्माण के लिए सैकड़ों ट्रेलर सीमेंट राखड़ की सप्लाई में लगे हुए हैं। यह सिक्सलेन मार्ग जिले के दुगली से होकर गुजर रहा है जिसके लिए बड़े -बड़े ट्रेलर फ्लाईऐश भरकर धमतरी से धमतरी नगरी मार्ग से होते हुए कार्यस्थल तक, वहीं कुरूद व अन्य क्षेत्र से भी ट्रेलर फ्लाईऐश खाली करने आते हैं। शुक्रवार को एक ट्रेलर फ्लाईऐश लेकर केरेगांव दुगली क्षेत्र में चल रहे रोड निर्माण के लिए कार्यस्थल पहुंचा था, जहां फ्लाईऐश को खाली करने के बाद चालक गुरुमुखसिंह पिता पुरूषोत्तम धुरी उम्र 35 वर्ष ग्राम छटोंदा बिलासपुर निवासी ट्रेलर को विशाखापटनम रोड पर चलाते हुए वापस जामगांव की तरफ लौट रहा था।

अधिकारी सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और गंभीरता से निराकरण सुनिश्चित करेंगे

# कलेक्टर ने ली सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शुक्रवार को सभी जिला अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का त्वरित गुणवत्तापूर्ण और गंभीरता पूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार, समाधान शिविर, मोर दूआर साय सरकार आदि की तैयारी की समीक्षा की। ज्ञात है कि सुशासन तिहार के पहले चरण में 08 अप्रैल से 13 अप्रैल 2025 तक महासमुंद जिले के पांचों जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों से कुल 1 लाख 80 हजार 212 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे। सभी जनपद, नगरीय निकाय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में जिले के सभी पांच जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में सुशासन तिहार का प्रथम चरण 8 से 11 अप्रैल 2025 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस चार दिवसीय जनभागीदारी अभियान में नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए अपनी समस्याएं एवं आवश्यकताओं को लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई। ग्राम पंचायतों से लेकर नगर पंचायत कार्यालयों तक आमजन ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन निर्धारित समाधान पेटियों में जमा किए गए। जिनका निराकरण संबंधित विभागों द्वारा चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार 2025 के तहत सभी प्राप्त आवेदनों की साफ्टवेयर में प्रविष्टि कर संबंधित विभागों को सौंपा जा रहा है और एक माह के भीतर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि सोमवार से नियमित तौर पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की जाएगी। आगामी तीन दिन में सभी आवेदन पोर्टल में एंट्री सुनिश्चित करें। प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर उन्हें संबंधित विभागों को आगामी तीन दिन में भेज दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि 30 अप्रैल तक सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विभागों को प्राप्त आवेदनों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आवेदनों के निराकरण में गंभीरता बरते।

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए हैं कि वे सुशासन तिहार के सुव्यवस्थित आयोजन और इसके अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों के तत्परता से निराकरण को सुनिश्चित करें। तीसरे चरण में प्रत्येक जिले की आठ से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य समाधान शिविर लगाया जाएगा। निकायों में भी आवश्यकतानुसार शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आमजन को उनके आवेदन की स्थिति से अवगत कराया जाएगा और यथासंभव आवेदन का त्वरित निराकरण भी किया जाएगा। शेष समस्याओं का निराकरण एक माह के भीतर कर सूचना दी जाएगी। समाधान शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

**नाली निर्माण की जांच करने पहुंचे थे महापौर**

# ठेकेदार और महापौर के बीच हुई बहस

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



आमापारा वार्ड में निर्माणाधीन नाली का निरीक्षण करने पहुंचे महापौर रामू रोहरा, पार्षद और ठेकेदार के बीच बहस हो गई। महापौर ने उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन ठेकेदार ने कहा कि महज शिकायत के आधार पर जांच करने पहुंच गए।

आमापारा को डूबने से बचाने नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को महापौर, पार्षद, आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा, ईई महेन्द्र जगत आदि स्पॉट पर पहुंचे। गुणवत्ताविहीन कार्यों की शिकायत मिलने पर दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस पर ठेकेदार ने भी अपनी सफाई देना प्रारंभ कर दिया जो बहस के रूप में तब्दील हो गई। महापौर ने कहा कि ऐसा काम नहीं चलेगा। काम बंद कर दो।

श्री रोहरा ने मीडिया को बताया कि शिकायत पर नाली निर्माण देखने गए थे जहां गुणवत्ताविहीन कार्य देखने पर समझाइश दी जा रही थी। ठेकेदार मनमानी करेगा तो ब्लेक लिस्टेड कर दिया जाएगा। पार्षद विजय मोटवानी ने कहा कि कार्य में मनमानी हुई है। महापौर ने इसका निरीक्षण किया है। निरीक्षण में कार्य गुणवत्ताविहीन पाया गया।

नाली निर्माण के ठेकेदार पिंटू अग्रवाल का कहना है कि अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर ही कार्य हो रहा है। सिर्फ ठेकेदार पर ही कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों पर क्यों नहीं। इंजीनियर लंबे समय से साइट पर नहीं आया।



## खबर संक्षेप



### मुकेश ने स्वच्छता अभियान चलाया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें गांव के नाली और आसपास जगह पर एक घंटे साफ सफाई किया गया और गांव खरोरा के लोगों को बताया गया। गांव के गलियों, सड़कों आसपास जगह पर साफ-सुथरा रखने का संदेश दिया गया।

### कार्यालय सहायक क्लर्क परीक्षा 27 को

**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंतर्गत लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम कले के रिक्त कार्यालय सहायक, क्लर्क के पदों के लिए भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 27 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद के सचिव आफरीन बानो ने बताया भर्ती किए जाने के लिए पात्र उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा में आयोजित होगा, जिस संबंध में अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र व परीक्षा संबंधी जानकारी जिला न्यायालय महासमुंद के शासकीय वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

### अछरीडीह में कर्मा जयंती 21 को

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह में 21 अप्रैल सोमवार को संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता की 1009 वीं वर्षगांठ का समारोह एवं मां कर्मा भवन लोकार्पण का आयोजन रखा गया है। प्रातः 8 बजे कलश शोभायात्रा, ग्राम भ्रमण व 11 बजे सत्य नारायण कथा पूजा की जायेगी। शाम 4 बजे मंच का कार्यक्रम में अतिथि स्वागत एवं मंचन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व सामाजिक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। भक्त कर्मा माता की आरती कर भोग भंडारा, खिचड़ी महाप्रसादी का वितरण शाम 7 बजे किया जाएगा।

**पुरातत्व :** विश्व विरासत दिवस पर 2025 पर ग्रीन केयर की मांग

# सिरपुर शीघ्र ही विश्व विरासत में हो शामिल : डॉ पाणिग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



विश्व विरासत ( वर्ल्ड हेरिटेज डे ) दिवस 18 अप्रैल 2025 के अवसर पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया ने विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक, धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पुरातत्व नगरी सिरपुर को विश्व धरोहर में शामिल करने की मांग पुनः बुलंद करते हुए महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी जिन्होंने हाल ही में लोकसभा में सिरपुर को विश्व विरासत में शामिल करने तथ्यात्मक वक्तव्य देकर मांग की का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया है। गौरतलब है कि सामाजिक एवं पर्यावरण कार्यकर्ता डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही द्वारा संस्था ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के माध्यम से बहुत समय से सिरपुर को विश्व धरोहर में शामिल करने की मांग की जा रही है। एक वर्ष पहले भी विश्व विरासत दिवस 18 अप्रैल 2024 के अवसर पर इस मांग को पुनः दोहराते हुए प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय एवं पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को पत्र लिखा था। यूनेस्को की टीम के समक्ष हो मजबूत दावेदारी। छत्तीसगढ़ प्रदेश के महासमुंद जिले का विश्व विख्यात धार्मिक बौद्धिक एवं पुरातात्विक स्थल सिरपुर शीघ्र ही विश्व विरासत में हो शामिल। अपनी इस मांग की पुनरावृति करते हुए ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि हम सिरपुर को विश्व धरोहर में शामिल करने की मांग यूं ही नहीं कर रहे हैं। अपितु सिरपुर में विश्व धरोहर में शामिल होने की सभी अंतरराष्ट्रीय मान्यताएं एवं साख्य मौजूद हैं। सिरपुर बौद्ध धर्म, शैव धर्म, वैष्णव धर्म, जैन धर्म के स्थापत्य कला को आज भी अपने में समेटे हुए है। भारत का सबसे बड़ा बौद्ध स्थल है। अनेक बौद्ध विहार, भिक्षुओं को पढ़ाने के प्रमाण सहित बौद्ध विद्वान नागार्जुन के आने के प्रमाण है। खुदाई में बौद्ध कालीन खंडहर भगवान बुद्ध की भव्य प्राचीन मूर्ति, बाजार, अस्पताल, बंदरगाह होने के साख्य मिले हैं। लाल ईंटों से बना भारत का पहला मंदिर, लक्ष्मण मंदिर जिसमें सीमेंट का उपयोग नहीं हुआ है तथा ताजमहल से भी 1100 साल पहले का निर्माण है। चीन के बौद्ध भिक्षु ह्वेनसांग के ग्रंथों में भी सिरपुर का उल्लेख मिलता है। बौद्ध भिक्षु ह्वेन सांग के सिरपुर आने तथा सिरपुर में कुछ वर्ष रहने के उल्लेख मिलते हैं। रामायण काल के भी अनेक उल्लेख मिलते हैं। इतनी सारी विशेषताओं एवं पात्रता के मापदंडों में खरा होने के बाद भी अब तक विश्व धरोहर में शामिल न हो पाना आश्चर्य है। अभी हमारे देश में कुल 43 विश्व धरोहर हैं लेकिन छत्तीसगढ़ का एक भी साइट अब तक विश्व धरोहर में शामिल नहीं है। हम छत्तीसगढ़ वासियों की पुरजोर मांग है कि अगला विश्व धरोहर के रूप में हमारा सिरपुर स्थान प्राप्त करें। हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश गौरवान्वित होगा।

# देश की प्राचीन धरोहर राष्ट्र की पहचानः दाऊलाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर भारतीय सांस्कृतिक निधि इकाई (इंटैक) द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन महासमुंद अध्याय के संयोजक दाऊलाल चंद्राकर के अध्यक्षता में की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धरोहर का एक इतिहास होता है जो आने वाली पीढ़ी की नींव है। विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर देश के धरोहरों का जिक्र करते हुये कहा कि देश का प्राचीन भवन इमारत आज भी भारत की पहचान है, जिसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि सिरपुर स्थित ऐतिहासिक शब्द विनष्ट होने की कगार पर है जिसे संरक्षित किया जा सकता है। वरिष्ठ सदस्य माधव राव टांकसाले ने कहा कि समाज अतीत से सीखता है और हमारा अतीत अत्यंत समृद्धशाली रहा है उनके द्वारा सिरपुर स्थित लक्ष्मण मंदिर के जोड़ के बेजोड़ बताया गया।

विचार गोष्ठी में सहभागिता दर्ज कराते हुये डॉ. रामगोपाल यादव, रघुनाथ सिन्हा, बंधु राजेश्वर खरे, टेकराम सेन, मानक नामदेव ने कहा कि वर्तमान औद्योगिकीकरण के युग में ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण बेहद जरुरी है। इस ओर समाज को चिंतन करते हुये आगे आना चाहिये। सभी ने एक स्वर में कहा कि धरोहरों के संरक्षण से ही हम आने वाली पीढ़ी को कुछ हस्तांतरित कर सकते हैं। प्राकृतिक, सांस्कृतिक, पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण के लिये चिंतन होनी चाहिये। अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान समाज सेवी दाऊलाल चंद्राकर ने कहा कि भावी समय में महासमुंद में इस क्षेत्र में कार्य किया जायेगा।

कार्यक्रम का सफल संचालन अध्याय के सह संयोजक बंधु राजेश्वर खरे एवं आभार प्रदर्शन साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने किया।

# राज्य व्यापी घोटाले की परतें खुलीं

## सीजीपीएससी 2022 परीक्षा घोटाले का केंद्र बना बारनवापारा का चीतल रेस्टोरेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)






छत्तीसगढ़ राज्य सेवा परीक्षा 2022 अब एक बड़े घोटाले के रूप में सामने आ चुकी है। यह परीक्षा, जिसे राज्य के लाखों युवा अपना भविष्य मानते हैं, एक सुनियोजित साजिश की भेंट चढ़ गई। इस पूरे घोटाले की केंद्र बिंदु बनी है पिथौरा के सीमावर्ती पर्यटन क्षेत्र बारनवापारा अभ्यारण्य के अंदर स्थित सरकारी टूरिज्म चीतल रेस्टोरेंट के कमरें, जहां परीक्षा से पहले की गोपनीय तैयारियों का संचालन किया गया।

### चीतल रेस्टोरेंट साजिश का केंद्र

मिली जानकारी अनुसार 11 से 24 मई 2022 के बीच इस रेस्टोरेंट में 35 अभ्यर्थियों को ठहराया गया था। बुकिंग राहुल हरपाल नामक व्यक्ति ने की थी। इन अभ्यर्थियों को राज्य सेवा परीक्षा का असली प्रश्नपत्र दिया गया और कमरों में ही परीक्षा हल करने और अभ्यास करवाने की व्यवस्था की गई। बताया जा रहा है कि इन 14 दिनों में एक सुनियोजित प्रशिक्षण योजना के तहत परीक्षा के सवाल-जवाब अभ्यर्थियों को समझाए गए ताकि वे परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त कर सकें।

### वन परिक्षेत्र अधिकारी ने सीबीआई को दी नामों की सूची

बारनवापारा के वन परिक्षेत्र अधिकारी सुनील खोबरागड़े ने बताया कि सीबीआई को 5-6 महीने पहले ही इस रेस्टोरेंट में ठहरने वाले सभी लोगों की सूची सौंप दी गई है। इसमें नाम, पहचान और ठहराव की तिथियों की पूरी जानकारी उपलब्ध है।

# अग्नि सुरक्षा सेवा सप्ताह के अंतर्गत डाइट में दी गई आग से बचाव की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान डाइट में अग्नि सुरक्षा सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी द्वारा आग से बचाव की जानकारियां दी गई। इस अवसर पर सैनिक नीलकंठ चंद्राकर ने बताया कि हम किस तरह से सामान्य आग ए क्लास फायर तेल की आग, बी क्लास फायर घरों और कारखाने में लगने वाली गैस सिलेंडर से सी क्लास फायर एवं डी क्लास फायर के अंतर्गत यूरेनियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम, सोना-चांदी जैसे धातुओं में लगने वाले आग से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया कि डीसीपी पाउडर के माध्यम से जिसे ड्राई क्लीनिकल पाउडर कहा जाता है एवं समुद्री फोम के माध्यम से भयंकर से भयंकर आज से बचाव किया जा सकता है। उक्त फायर ड्रिल एवं डेमो के अवसर पर प्रभारी प्राचार्य कौशलेश सिंह, वरिष्ठ व्याख्याता उमा देवी शर्मा, राजेश चंद्राकर, संतोष साहू, टेक राम सेन, सुमन दीवान, दुर्गा सिन्हा, किरण कन्नौजे, तिलोत्तमा प्रधान लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, कार्यालय स्टाफ से सुनील साहू, सुषेण दीवान, आकांक्षा साहू, प्रदीप साहू, राधा साहू, योगेंद्र पांडे, मीना साहू, गरिमा सिंह राजपूत, तरुण चंद्राकर, अजय उदित, हीरामन सहित प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापक गण उपस्थित थे। उक्त जानकारी महेंद्र बंसोड़ ने दी है।

# रामायण सम्मेलन में शामिल हुईं 50 मंडलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया। रामनवमी के पावन अवसर पर ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय रामायण सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें 50 मंडली सम्मिलित हुई जिसमें तुलसी के राम मानस परिवार ग्राम-जंगुला, पोस्ट-जेंजरा, जिला-नुआपाड़ा, ओडिशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, मंडली को 10 हजार व शील्ड प्रदान किया गया। वहीं द्वितीय मां की महिमा मानस परिवार ग्राम-गोइंदा, विकासखंड-आरंग, जिला-रायपुर 7 हजार व शील्ड, तृतीय प्रखर प्रज्ञा मानस परिवार ग्राम-अछोला, पो- जोबा, जिला- महासमुंद, 5 हजार व शील्ड, चतुर्थ पूजा के आरती मानस मंडली ग्राम-रायमुड़ा, जिला- महासमुंद, 3 हजार व शील्ड, पंचम स्वर धारा मानस परिवार ग्राम-बैहार, पोस्ट-आरंग, जिला-रायपुर 2 हजार व शील्ड प्रदान की गई। साथ ही सभी मंडली को 1100 की सांत्वना राशि प्रदान की गई, आयोजक समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया जिसमें रामायण मंडली के अध्यक्ष किशन लाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, परमानंद चंद्राकर, चमन मानिकपुरी, ज्ञानीक यादव, लता चंद्राकर, कलिन्दरी चंद्राकर, कुमारी बाई चंद्राकर, संतोषी चंद्राकर का योगदान रहा।



# किशोर रणधीर सिंह गौर की स्मृति में एक दिवसीय रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्व. किशोर रणधीर सिंह गौर की स्मृति में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन भलेसर मार्ग स्थित जय हिंद कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान रक्त दान दाताओं ने जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में गंभीर मरीजों के लिए उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

समाज सेविका डॉ. एकता लंगेह के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत साहू, हुलसी चंद्राकर समाज सेवी, सौरव बाफना शामिल हुए। रक्तदान शिविर के पूर्व रक्तदान दाताओं का वजन रक्त परीक्षण के पश्चात रक्त को जिला ब्लड बैंक में जमा किया गया। शिविर आयोजन में सहयोगी संस्था के रूप में आस्था वेलफेयर सोसाइटी लोकार्पण समिति छत्तीसगढ़ जय हिंद कॉलेज महासमुंद का विशेष सहयोग रहा। डॉ. लंगेह ने अपने पिता स्वर्गीय किशोर रणधीर सिंह का स्मरण करते हुए कहा कि पापा के द्वारा समाज के जरुरतमंद विशेषकर गरीब मरीज जिन्हें रक्त की आवश्यकता होती है उन मरीजों की मदद करने की प्रेरणा दी गई थी, उनकी प्रेरणा और विचारों के द्वारा रक्तदान महा शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर से प्राप्त दान रक्त को जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में जमा कराए गई है, जिसे मरीजों को निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।




नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि दुनिया में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं। इस पुनीत कार्य में सदा सहयोग करने की बात कही।

रक्तदान शिविर में जिला महासमुंद को समाज सेवी संस्थाओं ने सहयोग दिया जिसमें मुख्य रूप से श्याम बालाजी शिक्षण संस्थान, अल्पसंख्यक सोसाइटी, छत्तीसगढ़ सक्षम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अपराजिता क्लब, वैभवी वेलफेयर के पदाधिकारी व समाज सेवी तारिणी चंद्राकर, इस्माइल खान, निरंजना चंद्राकर, मधु शर्मा, लीना कमल, शबनम धनवानी, सविता मोहंती, फैजान, शीबा खान, मोहसिन, शबाना रागिनी सुधा रात्रे, सुरेखा शर्मा, अदिति चंद्राकर, सविता निषाद, रामू पटेल, प्राचार्य पुष्पलता देशमुख, प्राचार्य शुभ्रा सोलोमन सहित कॉलेज की छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा। रक्तदान शिविर में जिला ब्लड बैंक जिला प्रभारी डॉ दलजीत कोर टेक्नीशियन सुनील साहू, कमलेश चंद्राकर व पैथालॉजिकल टीम का विशेष सहयोग रहा।

# जनसरोकार की समस्याओं का त्वरित समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार 2025 जनकल्याण और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जनसरोकार से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु सजगता और तत्परता के साथ कार्य किया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत जिले में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। ग्राम पंचायत जंघोरा, विकासखंड पिथौरा निवासी मनोहर सिंह पटेल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। पूर्व में किसी तकनीकी कारणवश उनका कार्ड नहीं बन पाया था, जिससे वे योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे।

**तत्काल समाधान, एक दिन में मिला कार्ड-** कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के तहत प्रस्तुत उनके आवेदन को गंभीरता से लिया गया और मात्र 24 घंटे के भीतर समाधान कर दिया गया। कार्यालय खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा द्वारा 15 अप्रैल 2025 को सूचना दी गई कि उनका आयुष्मान कार्ड बनकर तैयार हो गया है और अगले ही दिन, 16 अप्रैल को उन्हें कार्ड प्रदान कर दिया गया। इस त्वरित कार्रवाई से प्रसन्न होकर पटेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा, "सरकार की इस संवेदनशील पहल से मुझे और मेरे परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा की बड़ी सुविधा प्राप्त हुई है। अब मैं अच्छे इलाज के लिए इस कार्ड का उपयोग कर सकूंगा। "

उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड एक ऐसा स्वास्थ्य बीमा कार्ड है, जिसके माध्यम से पात्र परिवारों को हर साल 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज भारत सरकार द्वारा अधिकृत अस्पतालों में प्राप्त होता है। इस कार्ड के माध्यम से गरीब, वंचित और जरूरतमंद परिवार गंभीर बीमारियों का भी कैशलेस इलाज निजी व सरकारी अस्पतालों में करवा सकते हैं। इसमें सर्जरी, डायग्नोस्टिक, दवा, भर्ती, और फॉलोअप जैसी सुविधाएं शामिल होती हैं। सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य शासन को आमजन तक पहुंचाना है, जहां लोगों की छोटी-बड़ी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। यह पहल न केवल योजनाओं को धरातल पर उतारने में सहायक है, बल्कि नागरिकों में सरकार के प्रति विश्वास भी बढ़ा रही है।




